>

Title: Need to expedite the setting up of Steel Plant in Chandankiyari Block, district Bokaro, Jharkhand and withdraw allocation of coal block made for the purpose.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** केन्द्र सरकार के द्वारा वर्ष 1997 में ओ.एन.जी.सी. को झारखण्ड के चंदनकियारी ब्लॉक के पर्वतपुर में गैस ब्लॉक का आबंटन 4.4 किलोमीटर के रेडियस में किया गया। इसी बीच कोयला मंत्रालय द्वारा उसी क्षेत्र में इलेक्ट्रो स्टील कास्टिंग लिमिटेड को इस्पात संयंत्र स्थापित करने हेतु कोल ब्लॉक का आबंटन किया गया, परन्तु संयंत्र स्थापना का कार्य अभी तक पूरा नहीं किया गया है और कंपनी के द्वारा लाखों टन कोयले की बिक्री जारी है। अभी हाल में इस क्षेत्र में कोयला गैस के रिसाव से कई गांव के लोग प्रभावित हुए हैं।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि कोयले की बिक्री पर रोक लगाई जाये और संयंत्र निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाये तथा कोयला गैस से आमजनों की जीवन रक्षा हेतु कोल ब्लॉक का आबंटन रद्द किया जाये।